बहुत लंबी सैर

शीला हमानका

हम ने गलियों में खेला!

हम ने स्टापू और पिट्ठू और रस्सा टापने के खेल खेले. लड़के रबर की गुलाबी गेंदों को झाड़ुओं से मार रहे थे और पुरानी बच्चा-गाड़ियों और फलों की पेटियों को गो-कार्ट की तरह रास्तों पर दौड़ा रहे थे.

बहुत लंबी सैर

ऊँची छत पर मेरे सबसे अच्छे मित्र का भाई एक फट्टे-पुराने कपड़े को झंडे समान लहरा कर कबूतरों के झुंड का इधर-उधर उड़ा रहा था.

हम पतली गलियों में दुबला-पतली बिल्लियों के पीछे दौड़ते थे.

रात के समय पड़ोसी खाली ज़मीन पर आग जला कर आलू भूनते थे आग से चिंगारियाँ निकल कर आकाश की ओर उड़ती थीं.

लेकिन सबसे अच्छी थी हमारी बहुत लंबी सैर.

अकेले लंबी सैर करना मेरे पिता को पसंद था. लेकिन एक दिन मेरी मित्र मार्था और मैं बोर हो रही थीं. हमने पिता से कहा कि हमें भी अपने साथ सैर पर ले जायें.

“ठीक है एमी, ठीक है मार्था,” उन्होंने कहा, “लेकिन यह बहुत लंबी सैर होगी. मैं कार्लोस से मिलने जा रहा हूँ और फिर मैं बॉब को मिलूंगा और उसके बाद नार्मन से मिलूंगा और अंत में तस्वीरें बनाने के लिए मैं पार्क में जाऊँगा. और मैं बस से नहीं जाऊँगा.”

एक बहुत लंबी सैर! हम तैयार हो गईं. खाने के लिए मार्था ने जैली सैंडविच ले लिए. मैंने कबूतरों को खिलाने के लिए दाल के दाने ले लिए.

हम भाग कर नीचे आईं और मुड़कर अपनी इमारत को देखा. हमारे पड़ोसियों ने खिड़कियों से झांक कर हमें अलविदा किया. मिस्टर मुरिलो ने तीसरी मंज़िल से हाथ हिलाया और मिसेज़ श्वार्टस ने दूसरी मंज़िल से हाथ हिलाया और लिंडा चिन और उनके कुत्ते पिंकी ने सीढ़ियों से हमें देखा.

"हम सैर करने जा रहे हैं!" मार्था ने चिल्लाकर कहा.

"सबसे लंबी सैर!" मैंने कहा. "सेंट्रल पार्क तक जायेंगे! अलविदा!"

"बॉय-बॉय," मिस्टर मुरिलो ने कहा.

"अलविदा," मिसेज़ श्वार्टस ने कहा.

पिंकी भौंकने लगी और लिंडा ईर्षा और गुस्से से देखने लगी.

"वह तो बहुत दूर है," उसने आगाह किया. "तुम थक जाओगी."

हम चल पड़े! हम चिढ़चिढ़े आदमी की बेकरी की दुकान के सामने से गए, लूई की अचार की दुकान के सामने से निकले, पैटी की बढ़िया खाद्य पदार्थों की दुकान के सामने से भी गए, जहाँ से राई और सरसों की सुगंध आ रही थी..... और फिर टॉम के कैंडी स्टोर के आगे से निकल कर गए.

"हम लंबी सैर करने जा रहे हैं," मार्था ने टॉम को बताया.

"सच में एक लंबी सैर," मैंने कहा. "सेंट्रल पार्क तक! हमें चॉकलेट चैरीस और कैंडी नैकलेस चाहिए, प्लीज़."

जैसे ही हम बाहर की ओर भागे टॉम ने कहा, "रुको! गिलहरियों के लिए यह उपहार भी लेती जाओ." और उसने हमें एक बैग में मूंगफली दी.

"धन्यवाद, टॉम!"

हम एक पल के लिए बेकरी के पास रुके. बेकरी की काँच की खिड़कियों के पीछे कनोली और चॉकलेट एक्लेयर्स और क्रीम से भरे पफ और भांति-भांति प्रकार की कुकीज़ थालों में सजा कर रखी हुई थीं. नाक दबाने से काँच पर नाक के निशान बन गए. एक विशाल केक के पीछे से छोटा दूल्हा और छोटी दुल्हन हमें घूर कर देख रहे थे. हाथ हिलाकर हमने उन्हें अलविदा कहा.

हम आगे निकल आए थे. मेरे पिता हमारे पास पहुँच गए और हमें मोड़ पर रुकने के लिए कहा. हॉर्न बजाती कारें, बसें और टैक्सियाँ तेज़ी से सड़क पर भाग रही थीं. सड़क पार करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही थी. फिर ट्रैफिक लाइट हरी हो गई. मार्था और मैं भाग कर सड़क के दूसरी तरफ आ गए.

उत्तर दिशा में स्थित वाशिंगटन स्कवायर की ओर हम चलते रहे, चलते रहे. फव्वारे के पास एक व्यक्ति बोंगो ड्रम बजा रहा था. उसे सुनने के लिए लोग इकट्ठे हो रहे थे.

“कार्लोस!” मेरे पिता ने पुकारा. कार्लोस ने ड्रम बजाना बंद कर दिया और अपना हाथ हिलाया.

हम ने उसे बताया कि हम सेंट्रल पार्क तक बहुत लंबी सैर कर रहे थे. उसने कहा, “ग्रूवी! एम्पायर स्टेट बिल्डिंग पहुँच कर किंग कॉग को देखना मत भूलना.”

और हम फिर चल पड़े, यूनियन स्कायर से होते हुए उत्तर की ओर. हम फ्लैटिरॉन बिल्डिंग के पास से जाते हुए एम्पायर स्टेट बिल्डिंग के निकट आ पहुँचे. मार्था ने कहा कि वहाँ किंग कॉग को देखा जा सकता था, अगर एक पाँव पर कूद कर आँख के कोने से देखने का प्रयास किया जाए तो.

मेरे पिता ने कहा, “लड़कियों, ज़रा तेज़ी से चलो! फिफ्टी-सैकिंड स्ट्रीट पर मुझे बॉब से मिलना है और उसे उसकी किताब लौटानी है. वह झूलने वाली स्ट्रीट है.”

और वह थी! बॉब का एक बंदर था जिसका नाम डिज़्ज़ी था. डिज़्ज़ी, मार्था और मैं उस ब्लाक में लगे हर लैंप-पोस्ट को पकड़ कर चारों ओर घूमें.

बॉब ने कहा, “लड़कियों, नगर की यह सबसे मशहूर स्ट्रीट हुआ करती थी. हर रात यहाँ जैज़ क्लबों के संगीतकार खूब उछलते-कूदते हुए संगीत बजाते थे. तुम्हारे पिता और मैंने यहाँ पर बर्ड और डिज़ और मॉक का संगीत सुना है.....बि-बॉप-ए-डू-ऑप-ऊलया’कू, ऊलया’कू-बि-बॉप-शी-बैम!” फिर बॉब ने अपना ट्रम्पैट उठाया और हमारे लिए बजाने लगे. हम लैंप-पोस्ट को पकड़ कर घूमते रहे, घूमते रहे जबतक कि हम अपनी कल्पना में उन संगीतकारों और रोशनियों को देखने न लगे.

अब हम मॉडर्न आर्ट के म्यूज़ियम के निकट पहुँच गए थे. वहां मेरे पिता को नार्मन से मिलना था. म्यूज़ियम के अंदर हमने अब तक की सबसे पेंटिंग देखी. "अगर मैंने इस तरह रंग फेंके होते तो मुझ पर मुसीबत आ जाती!" मार्था ने कहा.

हम बहुत थक चुकी थीं, इसलिए हम फर्श पर बैठ गईं. हम ने आँख के कोने से एक गार्ड को चुपके से अपनी ओर आते देखा. वह एक विशाल गुब्बारे जैसी दिखाई दे रहा था. बिना आवाज़ किए वह पास, और पास आया. लेकिन हम पर चिल्लाने के बजाय उसने हमें लाल और सफेद रंग की पैपरमिंट दी, यम!

हमें लग रहा था कि हम और न चल पायेंगी, लेकिन इससे पहले कि हमें पता चलता हम सेंट्रल पार्क पहुँच गए. सूर्य पेड़ों के बीच से दिखाई दे रहा था और ज़मीन पर घास और डंडैलियंस का गालीचा बिछा हुआ था. हम दाल और मूंगफली के दाने ज़मीन पर गिराते गए और उन्हें खाने के लिए कबूतर और गिलहरियाँ हिंडोले तक हमारे पीछे-पीछे आईं.

हिंडोला!

“क्या हम इस पर सवार हो सकते हैं?” हमने पिता से कहा. उन्होंने सिर हिला कर हामी भरी और हमारे लिए टिकटें खरीदीं. हम कूद कर हिंडोले पर सवार हो गए. संगीत बजने लगा और पार्क गोल-गोल घूमने लगा और घोड़े इतनी तेज़ दौड़ने लगे कि हमें उन्हें कस कर पकड़ना पड़ा.

क्या तुम विश्वास कर सकते हो कि हम और पैदल चले?

हाँ, हम और पैदल चले और एक तालाब के पास पहुँच गए. मेरे पिता एक जगह बैठ गए और उन्होंने अपना स्कैच-पैड निकाला और चित्र बनाने लगे. वहाँ बहुत लोग थे और पानी में छोटी-छोटी नावें तैर रही थीं.

मैंने एक लड़के को अपनी ओर आते देखा. वह एक औरत के साथ चल रहा था, जिसने नर्स की पोशाक पहन रखी थी. लड़के के पास इतनी सुंदर पाल-नौका थी जैसी मैंने पहले कभी न देखी थी.

“क्या मैं तुम्हारी नाव देख सकती हूँ?” मैंने पूछा.

“नहीं,” उसने कहा.

उसने नाव को पानी पर रखा और उसे धीरे से थक्का दिया. हवा से नाव के पाल खुल गए और नाव पानी पर चलने लगी. मार्था और मैं वहाँ खड़े-खड़े उसे देखते रहे.

"एमी, मेरे पास तुम्हारे लिए एक नाव है," पिता ने पुकार कर कहा. "और तुम्हारे लिए भी है, मार्था." मुझे लगा वह मज़ाक कर रहे थे. अपने स्कैच पैड के अतिरिक्त वह अपने साथ कुछ न लाये थे. अचानक उन्होंने पैड से एक पन्ना फाड़ा और उसे मोड़ने लगे. उन्होंने उसे मोड़कर एक नाव बना दी. और फिर एक और नाव बना दी.

"और यह हैं दो ऐडमिरल्स के लिए दो हैट," उन्होंने एक पुरानी अखबार के पन्ने मोड़ कर दो हैट बना दीं. हम दौड़ कर तालाब के निकट आए और पानी में अपनी नाव चलाने लगीं.

शीघ्र ही कई बच्चे दौड़े आए और मेरे पिता ने उन बच्चों के लिए भी नावें और हैट बनाईं.

तालाब कागज़ की नावों के बेड़े से भर गया.

जिस लड़के के पास सुंदर पाल-नौका थी वह भी धीरे-धीरे हमारे पास आ गया. उसने मेरे पिता से कहा, "क्या मुझे भी एक नाव बना देंगे?"

मैं चाहती थी कि मेरे पिता मना कर दें लेकिन वह लड़के को देखकर मुस्कराये और बोले, "अवश्य."

मुझे बहुत गुस्सा आया लेकिन शीघ्र ही सब ठीक हाँ गया क्योंकि उस लड़के ने अपनी पाल-नौका मुझे और मार्था को खेलने के लिए दे दी. हमने अपना सैंडविच उसे खाने के लिए दिया.

नर्स की पोशाक पहने औरत ने हमें सुंदर कागज़ में लिपटी कैंडी दी.

इसके पहले की हमें आभास होता, क्षितिज पर लालिमा फैलने लगी और सूर्यास्त होने लगा. घर लौटने का समय हो गया था. मुझे याद आया कि हमें पैदल चल कर घर जाना था और अचानक मैं बहुत थकी हुई महसूस करने लगी. मार्था और मैं धीरे-धीरे पिता के पीछे चलने लगे और पार्क के किनारे तक आ गए.

“क्या हम बस से जा सकते हैं, डैडी?”

मुझे लगा था कि वह मना कर देंगे. लेकिन वह मुस्कराये और बोले, “अवश्य.”

जब बस आई तो हम कूद कर उस में चढ़ गए. मेरे पिता ने अपने अंतिम पंद्रह सेंट डिब्बे में डाल दिए.

बस के अंदर गर्मी थी. हिचकोले खाती हुई बस घर की ओर दौड़े जा रही थी और हम लगभग सो ही गए. लेकिन पिता ने अपनी स्कैच-पैड ले पन्ने निकाले और बस में बैठे हर यात्री के लिए कागज़ के सारस बनाने लगे. किसी का भी ध्यान नगर की टिमटिमाती रोशनियों की ओर न गया. भरी हुई बस से उड़ कर कागज़ के सारस रास्ते पर उतर रहे थे.

HOW TO FOLD A PAPER BOAT
1.
A
B
2.
A
B
3.
A
C
D
4.
A
C
D
5.
A
C
FLAP
D
A
E
F
D
6.
D
A
F
C
D
A
C
7.
F
A
8.
F
E
9.
F
10.